Annex - (5)

आकस्मिक निरीक्षण

आज दिनांक 22.03.2022 को समय 10:46 से 11:05 बजे के मध्य मेरे द्वारा ए0डी0जे0 ब्लाक, एफ0टी0सी0 ब्लाक एवं मुन्सिफी की पुरानी बिल्डिंग में स्थित विभिन्न न्यायालयों एवं कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

समय लगभग 10:46 मिनट पर न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या–1, मीरजापुर का निरीक्षण किया गया। उस समय पीठासीन अधिकारी अपने न्यायालय में नही बैठी थीं। उनके रीडर द्वारा बताया गया कि पीठासीन अधिकारी अपने विश्राम कक्ष में है। न्यायालय के बाहर काज लिस्ट नहीं लगी थी तथा नोटिस बोर्ड भी नहीं था।

समय करीब 10:47 बजे न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट), मीरजापुर अपने न्यायालय में कार्य करते हुए पाये गये। न्यायालय के बाहर काज लिस्ट नहीं लगी थी तथा नोटिस बोर्ड भी नहीं था।

समय प्रातः 10:48 बजे अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, न्याय कक्ष सं0 03, मीरजापुर अपने न्यायालय में बैठकर कार्य करते हुए पाये गये। न्यायालय के बाहर काज लिस्ट नहीं लगी थी।

समय लगभग 10.49 बजे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मिर्जापुर के न्यायालय का निरीक्षण किया गया। पीठासीन अधिकारी अपने न्यायालय में बैठकर कार्य करती हुई पायी गयीं। न्यायालय के बाहर काज लिस्ट नहीं लगी थी।

समय प्रातः 10:51 बजे अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, न्याय कक्ष सं0 05, मीरजापुर अपने न्यायालय में बैठकर कार्य करते हुए पाये गये। न्यायालय के बाहर कम्प्यूटराइज्ड काज लिस्ट लगी हुई पायी गयी।

समय प्रातः 10:52 बजे अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ई0सी0 एक्ट), कक्ष संख्या 4 मीरजापुर अपने न्यायालय में बैठकर कार्य करते हुए पाये गये। न्यायालय के बाहर काज लिस्ट नहीं लगी थी एवं न्यायालय के नाम का भी उल्लेख नहीं पाया गया।

समय 10:57 बजे सिविल जज (जू0डि0) मीरजापुर अपने न्यायालय में बैठकर कार्य करती हुई पायी गयीं। न्यायालय के बाहर काज लिस्ट लगी हुई पायी गयी।

प्रातः 10:59 बजे अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय–द्वितीय, मीरजापुर अपने न्यायालय में बैठकर कार्य करते हुए पाये गये। न्यायालय के बाहर काज लिस्ट लगी हुई पायी गयी।

समय लगभग 11:00 बजे अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय–प्रथम, मीरजापुर अपने न्यायालय में बैठकर कार्य करते हुए पाये गये। न्यायालय के बाहर काज लिस्ट नहीं लगी थी।

समय करीब 11:01 बजे सिविल जज (सी0डि0)/एफ0टी0सी0, मीरजापुर के न्यायालय का निरीक्षण किया गया। पेशकार द्वारा बताया गया कि पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हैं।

समय करीब 11:04 बजे अपर सिविल जज (जू0डि0), न्याय कक्ष सं0 05, मीरजापुर अपने न्यायालय में कार्य करती हुई पायी गयी। न्यायालय के बाहर काज लिस्ट नहीं लगी थी।

समय करीब 11:05 बजे अपर सिविल जज (जू0डि0), न्याय कक्ष सं0 07, मीरजापुर अपने न्यायालय में कार्य करती हुई पायी गयी। न्यायालय के बाहर काज लिस्ट नहीं लगी थी।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ न्यायालय के बाहर नोटिस बोर्ड नहीं है, न्यायालय का नाम नहीं लिखा है एवं काज लिस्ट भी नहीं लगी है। अतः समस्त पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक दिवस की काज लिस्ट लगवाया जाना सुनिश्चित करें एवं नोटिस बोर्ड एवं न्यायालय का नाम लिखे जाने हेतु अपने मुन्सरिम/रीडर को प्रभारी अधिकारी नजारत को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित करें।

दौरान निरीक्षण यह पाया गया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के बरामदे से ऊपर जाने वाली सीढ़ीयों पर परिवार न्यायालय के रास्ते में एवं एफ0टी0सी0 ब्लाक के प्रथम तल पर सीढ़ीयों पर व सीढ़ी के नीचे काफी गन्दगी एकत्रित पायी गयी तथा न्यायालय परिसर में कई स्थान पर पान की पीक का ढेर लगा है। अतः प्रभारी अधिकारी नज़ारत को आदेशित किया जाता है कि वे सम्बन्धित को निर्देशित कर साफ सफाई करवाना सुनिश्चित करें एवं न्यायालय परिसर की भी नियमित सफाई करवाना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण आख्या समस्त पीठासीन अधिकारियों के मध्य परिचारित किया जाये। निरीक्षण के समय न्यायालय में अनुपस्थित पाये गये पीठासीन अधिकारी अपना स्पष्टीकरण दिनांक 23.03.2022 के अपरान्ह 4.00 बजे तक अवश्य प्रस्तुत करें।

इस निरीक्षण टिप्पणी की एक प्रति अनुपालन के उपरान्त माननीय उच्च न्यायालय को सूचनार्थ भेजी जाय।

22.03.2022

दिनांक: 22.03.2022

(शिव कुमार–प्रथम)
जनपद न्यायाधीश,
मिर्जापुर।